

SHRI SIRIVENNELA SEETHARAMA SASTRY CHEMBOLU

Shri Sirivennela Seetharama Sastry Chembolu is an accomplished Telugu Cine lyricist, poet and a philosopher who penned more than 2300 lyrics in about 600 Telugu films. His lyrics go beyond their purpose as cine lyrics and create compelling positive influence on the thinking and behaviour of his vast audience. He carved a special place for himself in the hearts of millions of Telugu people all over the world not only with his rich poetry but more importantly for his value based way of life by diligently maintaining an explicit balance between his thought, expression and action. He is looked upon as a thought leader, social reformer and a credible philosophical guide among all sections of society.

2. Born on May 20, 1955, Shri Sastry had the benefit of introduction and induction into Indian ethos and ethics at a very early age, from his father who was an ardent follower of Sanatana Dharma. Shri Sastry had discontinued his medical education to join a small job in Telephones due to financial constraints.

3. Even at very young age, Shri Sastry wrote poetry in lyrical form touching upon all aspects of human life and wielding powerful Influence on the society around him. A golden opportunity came his way as a chance to usher himself into Telugu Cine field as a Lyric writer. In his debut endeavour Shri Sastry made a significant impact by redefining characteristics of Telugu Cine lyric. Through his work he raised linguistic and artistic standards of Telugu movie lyrics, thereby elevating their status to that of literature. Shri Sastry's work not only made him a celebrity but more importantly fulfilled his ambition. He was the chief guest and key note speaker in Telugu Association conventions in America, England and other countries.

4. Shri Sastry has been honoured by almost all the awards and honours both in the cine industry and outside. Andhra Pradesh State Government's annual Best lyricist award for a record number of 11 times was given to him in his career spanning 32 years. He has been awarded the most prestigious Kalaratna Civilian Award, Best South Indian Technicians' Award, Swaraj International award, Atreya Manaswini award, Film fare award, Bharata Muni award and many other awards.

पद्म श्री

श्री सिरिवेन्नेल सीताराम शास्त्री चेंबोलु



श्री सिरिवेन्नेल सीताराम शास्त्री चेंबोलु एक कुशल तेलुगु सिने गीतकार, कवि और एक दार्शनिक हैं जिन्होंने लगभग 600 तेलुगु फिल्मों में 2300 से अधिक गीत लिखे। आपके गीत सिने गीत के रूप में आपके उद्देश्य से कहीं अधिक सार्थक हैं और आपके विशाल दर्शकों की सोच और व्यवहार पर आकर्षक सकारात्मक प्रभाव पैदा करते हैं। आपने दुनिया भर के लाखों तेलुगु लोगों के दिलों में न केवल अपनी समृद्ध कविता के साथ बल्कि अपने विचार, अभिव्यक्ति और कार्यों के बीच एक स्पष्ट संतुलन बनाए रखते हुए जीवन मूल्यों के आधार पर अपने लिए एक विशेष स्थान बनाया। आपको समाज के सभी वर्गों के बीच एक विचारक, समाज सुधारक और एक विश्वसनीय दार्शनिक मार्गदर्शक के रूप में देखा जाता है।

2. आपका जन्म 20 मई, 1955 को हुआ था। आपको अपने पिता, जो सनातन धर्म के एक प्रबल अनुयायी थे,से बहुत कम उम्र में भारतीय सदाचार और नीति का ज्ञान मिला और प्रेरणा प्राप्त हुई। आपको वित्तीय कठिनाइयों के कारण टेलीफोन विभाग में एक छोटी सी नौकरी करनी पड़ी और अपनी चिकित्सा शिक्षा बंद करनी पड़ी।

3. बहुत कम उम्र में ही आपने मानव जीवन के सभी पहलुओं को छूने वाली काव्यात्मक कविता लिखी। जिसका आसपास के समाज पर गहन प्रभाव पड़ा। आपको एक गीतकार के रूप में तेलुगु सिने क्षेत्र में प्रवेश करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। अपने पहले प्रयास में आपने तेलुगु सिने गीत की विशेषताओं को फिर से संवार कर जबरदस्त प्रभाव डाला । अपने काम के माध्यम से आपने तेलुगु फिल्म के गीतों के भाषाई और कलात्मक मानकों को बुलंद किया, जिससे उनकी स्थिति बढ़कर साहित्य जैसी हो गई। आपके काम ने आपको न केवल एक सेलिब्रिटी बना दिया, बल्कि आपकी महत्वाकांक्षा को पूरा भी किया। आप अमेरिका, इंग्लैंड और अन्य देशों में तेलुगु एसोसिएशन सम्मेलनों में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता रहे हैं।

4. आपको सिने उद्योग और इससे बाहर दोनों क्षेत्रों में लगभग सभी पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया है। आपको 32 साल के अपने करियर में आंध्र प्रदेश राज्य सरकार का वार्षिक सर्वश्रेष्ठ गीतकार पुरस्कार 11 बार प्रदान किया गया जो कि एक रिकार्ड है। आपको सबसे प्रतिष्ठित कलारत्न नागरिक पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दक्षिण भारतीय तकनीशियन पुरस्कार, स्वराज अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, अत्रेय मनस्विनी पुरस्कार, फिल्म फेयर पुरस्कार, भरत मुनि पुरस्कार और कई अन्य पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।